Email Id-
cdr_balrampur@yahoo.com

Mobile. No.
9151919684

# उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण)
## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,
## खण्ड कार्यालय, बलरामपुर

झारखण्डी रेलवे स्टेशन रोड, निकट निदान अस्पताल, मोतीसागर (तुलसीपार्क), बलरामपुर

पत्रांक: 1561 / एम-16 / 28 दिनांक: 31/08/2026

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता(ग्रामीण),
उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण),
लखनऊ।

**विषयः दैनिक भास्कर समाचार पत्र पोर्टल पर दिनांकः 23.08.2026 को प्रकाशित समाचार " शीतलपुर में जल जीवन मिशन योजना विफलः लाखों खर्च के बाद भी घरों तक नहीं पहुंचा पानी, ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन" शीर्षक के सम्बन्ध में आख्या प्रेषण।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक दैनिक भास्कर समाचार पत्र पोर्टल पर दिनांकः 23.08.2026 को प्रकाशित समाचार " शीतलपुर में जल जीवन मिशन योजना विफलः लाखों खर्च के बाद भी घरों तक नहीं पहुंचा पानी, ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन" शीर्षक के सम्बन्ध में आप द्वारा दिए गए निर्देश के कम में जांच आख्या निम्नवत् है–

| कसं | बिन्दु | आख्या |
|---|---|---|
| 01 | तुलसीपुर विकासखंड की ग्राम पंचायत शीतलपुर में जल जीवन मिशन योजना के तहत लाखों रुपये की लागत से तैयार की गई पेयजल योजना ग्रामीणों के लिए दिखावा साबित हो रही है। गांव में वाटर हेड टैंक और पाइपलाइन बिछाने के बावजूद घरों तक शुद्ध पेयजल नहीं पहुंच पा रहा है। इससे ग्रामीणों को पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा है। रविवार को ग्रामीणों ने पेयजल व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया।<br>ग्रामीणों का कहना है कि जल जीवन मिशन योजना का कार्य वर्ष 2025 में ही पूरा किए जाने का दावा किया गया था। गांव में पाइपलाइन बिछाई गई और वाटर हेड टैंक का निर्माण भी कराया गया, लेकिन योजना का वास्तविक लाभ ग्रामीणों को नहीं मिल सका। ग्रामीणों के अनुसार, बिछाई गई पाइपलाइन कई स्थानों पर क्षतिग्रस्त हो चुकी है, जिससे पानी की आपूर्ति सुचारु रूप से नहीं हो रही है।<br>ग्रामीण संजय, दीपक, उमेश, श्याम प्रजापति और दान बहादुर ने बताया कि योजना का काम पूरा हुए काफी समय बीत चुका है, लेकिन आज तक घरों में नियमित रूप से पानी नहीं पहुंचा है। उनका कहना है कि वर्ष 2026 भी अब समाप्ति की ओर है, फिर भी पेयजल व्यवस्था को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं है। लाखों रुपये खर्च होने के बाद भी लोगों को शुद्ध पेयजल के लिए भटकना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने संबंधित विभाग के अधिकारियों से मामले की जांच कराने, क्षतिग्रस्त पाइपलाइन को दुरुस्त कराने और जलापूर्ति तत्काल शुरू कराने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि योजना के तहत कार्य पूरा हो चुका है, तो उसका लाभ भी ग्रामीणों को मिलना चाहिए।<br>ग्राम प्रधान प्रतिनिधि पिंटू वर्मा ने बताया कि गांव में जल जीवन मिशन का कार्य वर्ष 2025 में ही पूरा कराया गया था, लेकिन पानी की समस्या अभी भी बनी हुई है। इस संबंध में लगातार उच्च अधिकारियों को पत्र भेजकर समस्या से अवगत कराया जा रहा है, बावजूद इसके अब तक समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो सका है। | जनपद–बलरामपुर में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत कार्यदायी फर्म मेसर्स लारसेन एण्ड टूब्रो लि0 द्वारा 199 नग पाइप पेयजल योजनाएं आवंटित हैं, जिसमें विकास खण्ड तुलसीपुर के ग्राम पंचायत शीतलापुर को पेयजल योजना से आच्छादित किया जाना है। उक्त पेयजल योजना पर वर्तमान तक फर्म द्वारा किये गये कार्यों की स्थिति निम्नवत् हैं–<br>1. ग्राम पंचायत का नाम– शीतलापुर<br>कुल सम्मिलित राजस्व ग्राम– 03<br>2. कुल हाउस कनेक्शन की संख्या– 557<br>पूर्ण किये गये हाउस कनेक्शन की संख्या–520<br>3. ट्यूबवेल– शत प्रतिशत पूर्ण<br>4. पम्प हाउस– शत प्रतिशत पूर्ण<br>5. सोलर पैनल अधिष्ठापन – शत प्रतिशत पूर्ण<br>6. अवर जलाशय –(250कि0ली0 / 14 मी0) शत प्रतिशत पूर्ण<br>7. वितरण प्रणाली–<br>कुल लम्बाई– 11573 मी0<br>पूर्ण – 11500 मी0<br>8. बाउण्ड्रीवाल– 100 प्रतिशत पूर्ण<br>9. मार्ग पुनर्स्थापना का कार्य – 90 प्रतिशत पूर्ण<br>शीतलापुर पेयजल योजना के अन्तर्गत 03 नग राजस्व ग्राम को जलापूर्ति की जा रही थी। जूनियर इंजीनियर श्री योगेश प्रजापति द्वारा पेयजल योजना का निरीक्षण कर अवगत कराया गया कि योजना पर लीकेज एवं पाइप लाइन क्षतिग्रस्त होने के कारण एक माह से जलापूर्ति बाधित है। सम्बन्धित फर्म द्वारा लीकेज की मरम्मत हेतु कार्य प्रगति पर है। लीकेज एवं क्षतिग्रस्त पाइप लाइन की मरम्मत का कार्य 01 सप्ताह के अन्दर पूर्ण कराकर जलापूर्ति प्रारम्भ करा दी जायेगी। |

भवदीय

(सुरेन्द्र कुमार)
अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 / / दिनांक / /2026

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. अधिशासी निदेशक महोदय, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
2. मुख्य अभियन्ता(गो0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), गोरखपुर।
3. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), गोण्डा।
4. सम्बन्धित सहायक अभियन्ता / जू0इं0, खण्ड कार्यालय, बलरामपुर।

अधिशासी अभियन्ता






फोटोग्राफ्स–संलग्नक 01(ग्राम पंचायत शीतलापुर, वि0ख0 तुलसीपुर, जनपद–बलरामपुर)